RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 15 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 364 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक


## मुंबई : मनपा ने निजी कुओं पर आपदा प्रबंधन के तहत किया कब्जा...




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई : वाटर टैंकर एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल वापस ली; मुंबई के लोगों ने ली राहत की सांस




**मुंबईः** मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है. इसके बाद मुंबई के लोगों ने राहत की सांस ली है. मुंबई में बीएमसी ने टैंकरों को पानी देने वाले कुओं के मालिकों को लाइसेंस लेने के लिए नोटिस दिया था. जिसका टैंकर एसोसिएशन विरोध कर रहे थे. हालांकि इस हड़ताल का सबसे ज्यादा नुकसान मुंबई के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा था, इसके कारण मायानगरी में घरों और ऑफिसों में पानी की भारी किल्लत हो गई थी. इस मामले में मुंबई के संरक्षक मंत्री आशीष शेलार ने जल शक्ति मंत्रालय को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया था. उन्होंने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण लाइसेंस की अनिवार्य खरीद पर चिंता जताई थी. मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है और इसके साथ ही लोगों की सेवा के लिए पानी के टैंकर तुरंत उपलब्ध करा दिए जाएंगे. बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि जब तक सीजीडब्ल्यूए के साथ मामला नहीं निपट जाता है, तब तक नोटिस रद्द कर दिए जाएंगे.

# मुंबई सहित संयुक्त महाराष्ट्र का निर्माण डॉ. आंबेडकर के विचारों से ही संभव हुआ - देवेंद्र फडणवीस

**मुंबईः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यह दृढ़ और स्पष्ट संदेश दिया था कि मुंबई महाराष्ट्र की है। मुंबई और महाराष्ट्र का संबंध गहराई से जुड़ा हुआ है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के दौरान मुंबई सहित संयुक्त महाराष्ट्र का निर्माण डॉ. आंबेडकर के विचारों से ही संभव हुआ। उन्होंने कहा कि मुंबई और बाबासाहेब का संबंध अटूट है।**





### भारतीय संविधान पर बोले फडणवीस

वडाला पूर्व स्थित कोरबा मिठागर क्षेत्र में डॉ. आंबेडकर की पूणार्कृति प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सीएम फडणवीस ने कहा कि बाबासाहेब द्वारा दिया गया संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। देश की शासन प्रणाली इसी पर आधारित है और यही संविधान भारत को महाशक्ति बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बाबासाहेब के कार्य और उनके योगदान को उजागर करने के लिए हमारी सरकार इंदू मिल में एक भव्य स्मारक का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब की प्रतिमा संविधान के बिना अधूरी है। संविधान के माध्यम से उन्होंने शोषितों और पीड़ितों को न्याय दिलाया। संविधान ने सभी नागरिकों को समान अवसर दिए। इसके निर्माण में बाबासाहेब की दूरदर्शिता और बौद्धिक गहराई स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बाबासाहेब के जीवन के कई महत्वपूर्ण पल, उनकी स्मृतियों को संजोने वाले अनेक प्रसंग मुंबई ने देखे हैं। उनके पुस्तक प्रकाशन और छपाई का कार्य भी मुंबई में ही हुआ। उनका राजनीतिक जीवन भी यहीं से शुरू हुआ। उन्होंने शोषितों की आवाज बनकर आजीवन संघर्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब डॉ. आंबेडकर ने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, तब उनका पहला सत्कार मुंबई में हुआ था। केंद्रीय मंत्री, प्रांतीय अध्यक्ष और गोलमेज सम्मेलन से लौटने के बाद, और संविधान निर्माण के बाद जब वे लौटे, तब भी उनका स्वागत मुंबई में ही हुआ। उनकी 50वीं वर्षगांठ पर चैत्यभूमि में अभिवादन सभा भी मुंबई में ही आयोजित की गई थी।


## मुंबई : श्रमिकों को पंजीकृत करने में विफल रहने पर शहरी स्थानीय निकायों की भी खिंचाई की



**मुंबईः** मुंबई, पुणे, परभणी, सतारा और शिरुर में केंद्र सरकार की तरफ से कराए गए सामाजिक ऑडिट ने महाराष्ट्र में सफाईकर्मियों की सुरक्षा में अधिकारियों और ठेकेदारों की ''गंभीर विफलताओं'' को उजागर किया है। इन वजहों से वर्ष 2021 और 2024 के बीच 18 सफाईकर्मियों की मृत्यु हो गई।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देश पर स्थापित इकाई, 'महाराष्ट्र स्टेट सोसाइटी फॉर सोशल ऑडिट एंड ट्रांसपेरेंसी' द्वारा 'सफाई कर्मचारियों की मृत्यु पर सामाजिक ऑडिट रिपोर्ट 2021-24' ने औपचारिक रूप से श्रमिकों को पंजीकृत करने में विफल रहने के लिए शहरी स्थानीय निकायों की भी खिंचाई की, जिससे उन्हें कानूनी सुरक्षा या कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच नहीं मिल पाई।

## मुंबई : तहव्वुर हुसैन राणा से हर दिन एनआईए 8-10 घंटे कर रही है पूछताछ




**मुंबई :** आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी रोजाना आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। राणा को पिछले सप्ताह अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लगाया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की मेडिकल जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की भी इजाजत दी जा रही है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार सुबह उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद जांच एजेंसी को 18 दिनों की हिरासत में सौंप दिया था।

सूत्रों ने बताया कि एनआईए जांचकताओं द्वारा राणा से प्रतिदिन लगभग आठ से दस घंटे तक पूछताछ की जा रही है, ताकि 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक सूत्र ने बताया, पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए अधिकारियों की एक टीम उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि राणा ने अब तक केवल तीन चीजें मांगी हैं - एक कलम, कागज की शीट या नोटपैड और कुरान। जो एनआईए की ओर से उसे मुहैया करा दी गई हैं।

### निगरानी में 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात

सूत्रों ने बताया कि राणा ने अब तक भोजन से संबंधित कोई विशेष मांग नहीं की है और उसे बनाए गए मानक


## नागपुर : शिक्षक पहचान संख्या मामले में तीन और कर्मचारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नागपुर :** महाराष्ट्र में एक अयोग्य व्यक्ति को शिक्षक पहचान संख्या जारी करने के मामले में पुलिस ने शिक्षा विभाग के तीन और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शिक्षक पहचान संख्या को शालार्थ आईडी भी कहा जाता है। अधिकारियों ने बताया कि शालार्थ आईडी मिलने के बाद उक्त व्यक्ति पराग नानाजी पुडके को सरकारी वेतन मिलने लगा और उसे पदोन्नति भी मिल गई। इस मामले में पुलिस ने 11 अप्रैल को शिक्षा उपनिदेशक उल्हास नारद को गिरफ्तार किया था। नारद पर आरोप है कि उसने अनुभव संबंधी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पुडके को नागपुर के एक निजी स्कूल में शिक्षक आईडी जारी करने की मंजूरी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में कार्यरत एक अधीक्षक, एक उप-निरीक्षक और एक लिपिक को इस मामले में गिरफ्तार किया।

## नासिक : डीजे के शोर से एक युवक की मौत



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां डीजे के शोर से एक युवक की मौत की आशंका जताई गई है। ये घटना नासिक के पंचवटी इलाके के महात्मा फुले नगर की है। रविवार रात डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर जयंती को लेकर डीजे लगाया गया था।

### कान पर हाथ रख कर रो रहा था युवक

डीजे की आवाज इतनी तेज थी कि 23 वर्षीय युवक नितिन राणाशिंगे परेशान हो गया। वह बार-बार कान पर हाथ रखता और रोने लगता। डीजे की आवाज सुनकर वह लगातार म्यूजिक बंद करने की बात कह रहा था। तभी उसके नाक और मुंह से खून बहने लगा।

### डीजे की आवाज के कारण हुई मौत, प्रारंभिक रिपोर्ट में दावा

ये देखकर उसे तुरंत इलाज के लिए नासिक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान 23 वर्षीय युवक राणाशिंगे की मौत हो गई। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया कि नितिन राणाशिंगे की मौत डीजे की आवाज के कारण हुई है।

### पिछले 4 साल से गंभीर बीमारी से पीड़िता था युवक- पुलिस

पंचवटी पुलिस का कहना है कि सिर्फ डीजे का लाउड म्यूजिक नहीं बल्कि आगे की जांच के बाद यह सामने आया कि नितिन पिछले चार सालों से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। पंचवटी पुलिस ने बताया कि नितिन का पिछले चार साल से नासिक के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, लेकिन जब वह नासिक में अपने घर पर था तो उसकी तकलीफ ज्यादा बढ़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani

## संपादकीय...

# आधुनिक लोकतंत्र



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

हमारे संविधान निमार्ता एवं अग्रणी राष्ट्र-निमार्ताओं में से एक बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर जी की आज 135वीं जन्म-जयंती है। बाबासाहेब ने दलितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन कार्य किया। कमजोर वर्गों के वह जनप्रिय नायक और संघर्ष के प्रतीक पुरुष हैं, लेकिन उनके योगदान एवं विरासत के साथ सबसे बड़ा अन्याय यह हुआ है कि उन्हें सिर्फ एक दलित नेता के रूप में सीमित कर दिया गया है। बहुआयामी प्रतिभा के धनी बाबासाहेब को आधुनिक भारत के सबसे अग्रणी विचारकों में से एक के रूप में भी देखा जाना चाहिए। तमाम हृदयविदारक अनुभवों के बाद कोई सामान्य व्यक्ति या तो अपने भाग्य को कोसकर रह जाता या हिंसा का रास्ता चुनता, लेकिन बाबासाहेब ने अपने भीतर के आक्रोश को सकारात्मक रूप देते हुए शिक्षा का मार्ग चुना। जिस समय उनके समाज के लोगों को शिक्षा प्राप्ति की भी अनुमति नहीं थी तब उन्होंने पीएचडी, डीलिट एवं बार-एट-ला जैसी उपाधियां हासिल कीं। डॉ. आंबेडकर महान समाज सुधारक के साथ ही प्रखर बुद्धिजीवी, कानूनविद और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने राजनीति, नैतिकता, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, कानून और धर्मशास्त्र जैसे विविध विषयों पर विस्तार से लिखा है। वह चाहते तो विदेश में आकर्षक वेतन प्राप्त कर अपना जीवन सुखपूर्वक व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मातृभूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया। उनका स्पष्ट मानना था कि चरित्र, शिक्षा से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

वह मानते थे कि किसी शिक्षित व्यक्ति में विनम्रता की कमी हो तो वह हिंसक जीव से भी अधिक खतरनाक होता है और उसकी शिक्षा से यदि गरीबों की हानि हो तो वह व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप है। वह एक महान संस्थान निमार्ता भी थे। संविधान निर्माण के केंद्र में रहने के अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्रीय जल आयोग जैसी संस्थाएं उनके चिंतन एवं दूरदर्शिता की ही देन हैं। बाबासाहेब का लोकतंत्र में अटूट विश्वास था। उनका मानना था कि कोई भी राज्य तब तक लोकतांत्रिक नहीं हो सकता है जब तक समाज लोकतांत्रिक न हो। उनका यह भी मानना था कि जब तक समाज में नैतिक व्यवस्था न हो तब तक लोकतंत्र का विचार कल्पना ही रहेगा। वह यह भी मानते थे कि जहां सामाजिक व्यवस्था नैतिक और समतामूलक नहीं होगी उस समाज में लोकतंत्र जीवित नहीं रह पाएगा। सामाजिक सुधारों के लिए भी वह प्रतिबद्ध थे, क्योंकि भारत के भविष्य, लोकतंत्र और अर्जित स्वतंत्रता को लेकर उन्हें बड़ी चिंता सताती थी। उनकी आशंकाएं संविधान सभा में उनके अंतिम भाषण में व्यक्त भी हुई हैं। इसमें उन्होंने कहा कि हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दृढ़संकल्पित होना होगा। उन्होंने चेतावनी दी थी कि हमारी अकर्मण्यता के कारण भारत एक बार फिर अपना लोकतंत्र और स्वतंत्रता गंवा सकता है। उन्होंने कहा था कि हमें एक लोकतांत्रिक संविधान मिला है, लेकिन संविधान बनाकर हमारा काम पूरा नहीं हुआ, बल्कि बस शुरू हुआ है। संविधान के मुख्य निमार्ता के तौर पर उनकी यह बात उनके दूरदर्शी सोच का प्रमाण है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : मनपा ने निजी कुओं पर आपदा प्रबंधन के तहत किया कब्जा...




**मुंबई** : टैंकर चालकों की मुंबई में चल रही हड़ताल समाप्त होने तक मनपा प्र-शासन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत शहर की कुएं, बोरवेल और निजी पानी के टैंकरों का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया है। टैंकर हड़ताल के चलते पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसे देखते हुए मनपा प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इस संबंध में मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने निर्देश जारी किए हैं।

निजी हाउसिंग सोसायटियों और अन्य संबंधित इकाइयों को नियमित और व्यवस्थित रूप से पानी की आपूर्ति सुम निश्चित करने के लिए मनपा ने एक एसओपी बनाई है। इस एसओपी के अनुसार, मनपा, परिवहन आयुक्त और मुंबई पुलिस के समन्वय से यह व्यवस्था लागू की जाएगी। केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के नए नियमों के अनुसार, सभी कुएं और बोरवेल धारकों को एनओसी। लेनी अनिवार्य की गई थी। इस नियम के खिलाफ टैंकर संघ ने हड़ताल का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड-णवीस और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री चंद्र-कांत पाटील के निर्देश पर मनपा ने कुएं और बोरवेल धारकों को दी गई नोटिसों पर 15 जून तक के लिए रोक लगा दी है। हालांकि हड़ताल अब भी जारी है, जिससे आम नागरिकों के सामने पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए मनपा ने आपदा प्रबंधन कानून लागू कर, जल आपूर्ति को नियंत्रण में लेने का फैसला किया है। इसके तहत, टैंकर, ड्राइवर क्लीनर और अन्य कर्म-चारियों की सूची तैयार की जाएगी, जिनके माध्यम से अधि-ग्रहित टैंकरों द्वारा पानी, पहुंचाया जाएगा।

पानी की मांग करने वाले हाउसिंग सोसायटियों को मनपा के नागरिक सुविधा केंद्र में आवेदन कर भुगतान करना होगा। भुगतान की रसीद टैंकर भरने के स्थान पर दिखानी होगी। टैंकर भरने के बाद संबंधित सोसायटी तक पानी पहुंचाया जाएगा। टैंकर सेवा के बाद मनपा की टीम को रसीद सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर भुगतान किया जाएगा। टैंकरों की सुरक्षा के लिए हर स्थान पर स्थानीय पुलिस की तैनाती की जाएगी। नागरिकों से टैंकर के लिए वर्तमान दर के साथ 25% प्रशासनिक शुल्क अतिरिक्त लिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया पर जोनल उपायुक्तों और पुलिस उपायु-क्तों की निगरानी में अमल होगा, और आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय आव-श्यकताओं के अनुसार बदलाव की अनुमति भी दी गई है। सभी खर्चों का लेखा-जोखा मनपा द्वारा रखा जाएगा।

## सत्तारूढ़ गठबंधन में सब कुछ ठीक - एकनाथ शिंदे



**मुंबई** : उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति के भीतर दरार की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सब कुछ ठीक है। शिंदे ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यदि कोई समस्या है तो उसे बातचीत के जरिए सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''महायुति के भीतर कोई कलह नहीं है। सब कुछ ठीक है। हम काम करते हैं और शिकायत नहीं करते।

हम ही लड़ते हैं।'' शिवसेना नेता उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें कहा गया था कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बारे में शिकायत की है, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख हैं।

## मुंबई : राज्य के 80 फीसदी किसानों को अगले साल दिसंबर तक मुफ्त बिजली मिलेगी



**मुंबई** : महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वर्धा जिले में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने एलान किया कि राज्य के 80 फीसदी किसानों को अगले साल दिसंबर तक मुफ्त बिजली मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने मुख्यमंत्री सौर कृषि योजना शुरू की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि दिसंबर 2026 तक राज्य के करीब 80 फीसदी किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी। वर्धा जिले के अरवी में एक सभा को संबोधित करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों को दिन में 12 घंटे बिजली देने का वादा किया है और मुख्यमंत्री सौर कृषि योजना शुरू की है, जिसके तहत 16000 मेगावाट बिजली पैदा करने का काम चल रहा है।

**सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध- फडणवीस**

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दिसंबर 2026 के अंत तक महाराष्ट्र के करीब 80 फीसदी किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी। हम 365 दिनों तक दिन में 12 घंटे बिजली देंगे। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।' वहीं वर्धा जिले के दौरे के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कई विकास परियोजनाओं की भी घोषणा की। सीएम ने इस दौरान ये भी दावा किया कि- राज्य की महायुति सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुंबई : आदित्य ठाकरे ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा



**मुंबई** : शिवसेना यूबीटी के नेता और विधायक आदित्य ठाकरे ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आज के बीजेपी की मानसिकता महाराष्ट्र पर आक्रमण करने वालों महाराष्ट्र को लूटने वाले लोगों की तरह है. आदित्य ठाकरे ने कहा, ''आज आप मुंबई के हाल को देखिए, पुणे को देखिए छत्रपति संभाजी नगर को देखिए, ऐसा लग रहा है कि मुगल राज चल रहा है और यही मानसिकता वाले लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करते हैं फिर चाहे वो कल आए हुए (अमित शाह) (बिना नाम लिए) हो या प्रशांत कोरटकर हो, या फिर भगत सिंह कोश्यारी हों, यही लोग औरंगजेब की कब्र को समाधि समझते हैं.'' तो वहीं महायुति में फंड में सही ढंग से बटवारा ना होने खबर पर आदित्य ठाकरे ने कहा, ''यही एकनाथ शिंदे थे जो महाविकास आघाड़ी में रहते हुए फंड को लेकर लगातार शिकायत करते थे और यहां से भाग गए. 2 साल के अंदर उनके खुद की जेब में जितना फंड गया है इन सब की जांच देवेंद्र फडणवीस करेंगे.''

**'हिंदुत्व के ब्रांड एंबेसडर सिर्फ बालासाहेब'**

धीरेंद्र शास्त्री को हिंदुत्व का ब्रांड एंबेसडर पेश किए जाने पर आदित्य ठाकरे ने कहा कि हिंदुत्व का एक ही ब्रांड एंबेसडर है और वह बालासाहेब ठाकरे हैं.

**अमित शाह के बयान पर संजय राउत ने भी घेरा**

इससे पहले शनिवार (12 अप्रैल) को केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के रायगड में थे, वहां मंच से संबोधित करते समय उन्होंने औरंगजेब की कब्र को समाधि कह दिया तो वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज को सिर्फ शिवाजी कहकर संबोधित किया, जिसको लेकर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के सांसद संजय राउत ने बीजेपी और अमित शाह पर जमकर हमला बोला. संजय राउत ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और वह खुद उसे मंच पर बैठे थे जहां पर यह अमित शाह ने कहा वह कैसे इसे बर्दाश्त कर सकते हैं और उन्हें इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए.

# मुंबई : वाटर टैंकर एसोसिएशन के सेवाएं बहाल न करने पर...

## नगर निगम ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 लागू करने का फैसला



**मुंबई :** झुग्गी-झोपड़ियों से लेकर उच्च श्रेणी के आवासीय परिसरों तक, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर अस्पतालों तक और सभी सरकारी कार्यालयों से लेकर निर्माण स्थलों तक सभी जगह पानी की गंभीर समस्या है, क्योंकि सरकारी अधिकारी मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन द्वारा आहूत हड़ताल को समाप्त करने का कोई समाधान नहीं ढूंढ पाए हैं। हड़ताल के चौथे दिन और मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन के सेवाएं बहाल न करने पर अड़े रहने के बाद नगर निगम ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 लागू करने का फैसला किया और शहर में सभी पानी के टैंकरों और बोरवेल का संचालन अपने हाथ में ले लिया।

यह मुंबई के निवासियों और कार्यालय जाने वालों के लिए राहत की बात है, क्योंकि वे अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए टैंकर से पानी की आपूर्ति की उम्मीद कर सकते हैं। बीएमसी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले नियमित पानी के अलावा, MWTA प्रतिदिन मुंबई को लगभग 300 MLD पानी की आपूर्ति करता है, जिसके अंतर्गत लगभग 3000 पानी के टैंकर हैं। एमडब्ल्यूटीए ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) के 2020 दिशा-निर्देशों को लागू करने के लिए बीएमसी द्वारा भेजे गए नोटिस के विरोध में 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा की थी, जिसके अनुसार तब अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। एमडब्ल्यूटीए के प्रवक्ता अंकुर ठाकुर ने कहा, ''हम जेल नहीं जाना चाहते। मुंबई जैसे शहर में सभी दिशा-निर्देशों को सुनिश्चित करना संभव नहीं है। साथ ही मीरा भयंदर, नवी मुंबई और अन्य शहरों के अधिकार क्षेत्र में नोटिस क्यों नहीं जारी किए जाते हैं।''

# ठाणे : पैसे खर्च करने पर बन जाते हैं फर्जी दस्तावेज!

## पांच साल में 509 घुसपैठिए गिरफ्तार...




**ठाणे :** ठाणे और आसपास के इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या अब चिंता का विषय बन गई है। पिछले पांच वर्षों में ठाणे सिटी पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में 509 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। ये लोग न केवल फर्जी दस्तावेजों से आधार कार्ड बनवाते हैं, बल्कि कई आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल पाए गए हैं।

बता दें कि हाल ही में अभिनेता सैफ अली खान के घर पर एक बांग्लादेशी द्वारा हमला किए जाने की घटना ने प्र-शासन को झकझोर दिया। इसके बाद ठाणे और मुंबई में बांग्लादेशियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई तेज कर दी गई। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि ये घुसपैठिए बांग्लादेश से भारत की सीमा पार कर पश्चिम बंगाल और मेघालय के रास्ते देश में दाखिल होते हैं। केवल 5 से 20 हजार रुपये देकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते हैं, जिससे वे आसानी से आधार कार्ड बनवा लेते हैं और भारतीय नागरिक की तरह जीवन बिताने लगते हैं। घुसपैठ के बाद अधिकतर पुरुष निर्माण स्थलों पर मजदूरी करते हैं, जबकि महिलाएं बार, होटल और कभी-कभी देह व्यापार में भी शामिल हो जाती हैं। इनकी मौजूदगी न केवल सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है, बल्कि स्थानीय संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा रही है।

**अब तक दर्ज हुए 154 मामले**

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2015 से मार्च 2025 तक कुल 154 मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें 509 बांग्लादेशी पकड़े गए। अकेले 2025 के पहले तीन महीनों में ही 43 नए मामले सामने आए हैं और 86 घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस द्वारा तलाशी अभियान लगातार जारी है और प्रशासन ने आम नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# मुंबई : 2005 में दर्ज एक घातक दुर्घटना मामले में 20 साल से फरार व्यक्ति गिरफ्तार



**मुंबई :** शिवाजी पार्क पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए 2005 में दर्ज एक घातक दुर्घटना मामले में 20 साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जय महाराष्ट्र नगर, कोकरी आगार, सायन कोलीवाड़ा, एंटॉप हिल निवासी सुरेश कुमार फुलचंद वैश्य के रूप में हुई है। वह भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 और 304 (ए) के तहत 2005 में दर्ज एक एफआईआर के सिलसिले में वांछित था। आरोपी का पता लगाने के लिए लगातार प्रयासों के बाद, पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली कि वैश्य गुजरात के वडोदरा में रह रहा है। सुराग पर कार्रवाई करते हुए, एक टीम बड़ौदा पहुंची और उसे गणेश नगर, खोडियार नगर, वैकुंठ, न्यू वीआईपी रोड, वडोदरा में उसके वर्तमान निवास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अभियान पुलिस कांस्टेबल पाटिल और पुलिस शिपाई केवट द्वारा किया गया। आरोपी को शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन लाया गया और 2005 के मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया।

# मुंबई : शिंदे के बचाव मे उतरे भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र में महायुति से जुड़े विवादित मुद्दों को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने रखने को लेकर चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि शिंदे ने रायगढ़ दौरे पर आए अमित शाह से राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन से संबंधित विवादास्पद मुद्दों को लेकर बात की है। इस मामले को लेकर भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार शिवसेना नेता शिंदे के बचाव मे उतरे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मंत्री मुनगंटीवार ने कहा कि एकनाथ शिंदे एक अच्छे नेता हैं। वह शाह के समक्ष शिकायतें उठाने के लिए इस तरह के तरीकों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। शिंदे ऐसे नेता हैं जो अमित शाह के समक्ष मामले को उठाने का इंतजार नहीं करेंगे। वह सीधे उपमुख्यमंत्री अजित पवार से बात करेंगे।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना इस बात से परेशान है कि पार्टी के मंत्रालयों की कुछ फाइलें उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार के पास अटकी हुई हैं। वहीं शिवसेना सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा पिछली शिंदे सरकार द्वारा लिए गए कुछ फैसलों को पलटने से भी नाराज है। कहा जा रहा था कि एकनाथ शिंदे केंद्रीय गृह मंत्री के सामने यह मुद्दा उठा सकते हैं।

**उद्धव की शिवसेना ने किया था मुलाकात का दावा**

पिछले महीने शिवसेना उद्धव के मुख पत्र सामना ने दावा किया था कि 22 फरवरी को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पुणे के एक होटल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ गुप्त बैठक की। इसमें शिंदे ने सीएम पद के लिए दावा ठोंका। इसे गृह मंत्री अमित शाह ने ठुकरा दिया और भाजपा में पार्टी का विलय करने के लिए कहा। सामना में लिखा गया था कि एकनाथ शिंदे और अमित शाह के बीच पुणे के कोरेगांव पार्क स्थित वेस्टइन होटल में गुप्त बैठक हुई। इस बैठक के लिए शिंदे ने सुबह चार बजे तक अमित शाह का इंतजार किया। सामना में अमित शाह और एकनाथ शिंदे के बीच हुई बातचीत का ब्योरा दिया गया था।

# मुंबई : मैं हर साल चैत्यभूमि आशीर्वाद लेने आती हूं :सुप्रिया सुले



**मुंबई :** अंबेडकर जयंती के अवसर पर चैत्यभूमि के दौरे पर पहुंची एनसीपी (सपा) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, ''मैं हर साल यहां आशीर्वाद लेने आती हूं और हम सभी - महाराष्ट्र और देश के लोग - भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर आगे बढ़ रहे हैं। जिस तरह से उन्होंने और अन्य लोगों ने इस देश के लिए अपार योगदान दिया है, वह वाकई उल्लेखनीय है... यह उस संविधान की वजह से है कि आज हम एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र में रह रहे हैं।''

# मीरा-भायंदर में 24 घंटे के भीतर दो चेन स्नैचर चढ़े क्राइम ब्रांच यूनिट 1 के हत्थे...



**मीरारोड :** मीरा-भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच, सेल 1, काशीमीरा ने 24 घंटे के भीतर चेन स्नेचिंग में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में यूनिट के 1 पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख के नेतृत्व पीएसआई उमेश भागवत और संदीप शिंदे की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने रविवार को दी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 अप्रैल को सुबह लगभग 06.30 बजे, महिला शिकायतकर्ता आर.एल. कॉलेज के पीछे सालासर अवतार बिल्डिंग के सामने सार्वजनिक सड़क पर सुबह की सैर कर रही थी, तभी दो अज्ञात आरोपी मोटरसाइकिल पर उसके पीछे से आए और उसके गले से चार तोला वजनी और 2,50,000 रुपए की सोने की चेन जबरन खींच ली, उसे धक्का दिया और भाग गए।

परि-णामस्वरूप, शिकायतकर्ता के बाएं हाथ और पैर में चोटें आईं और मीरा रोड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, अपराध को सुलझाना उक्त अपराध के संबंध में, वरिष्ठों द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, अपराध की समानांतर जांच अपराध शाखा सेल 1, काशीमीरा द्वारा शुरू की गई थी। सीसीटीवी फुटेज के तकनीकी विश्लेषण और प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी नीरज रामू राजनाथ और सुनील संजय राज को हिरासत में लिया गया है और प्रारंभिक जांच के दौरान पाया गया है कि वे उक्त अपराध में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## माहिम : सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय महिला की मौत




**मुंबई :** एक दुखद सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जब उसे बेस्ट बस ने कुचल दिया। यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे माहिम स्वामी विवेकानंद रोड पर सेंट माइकल चर्च के सामने हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला सड़क किनारे बैठी थी, तभी मोरी रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार बेस्ट बस (टल 01 अढ 0543) ने उसे कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक लापरवाही से और तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण पीड़िता के सिर में गंभीर चोटें आईं।

## मुंबई : अक्सा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

### 12 सप्ताह के भीतर सर्वेक्षण करें और निर्णय लें हाई कोर्ट का कलेक्टर को निर्देश



**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई उपनगर के जिला कलेक्टर को निर्देश दिया है कि वह मलाड (पश्चिम) के अक्सा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोपों पर 12 सप्ताह के भीतर सर्वेक्षण करें और निर्णय लें, जहां कथित तौर पर एक अवैध पे-एंड-पार्क सुविधा संचालित की जा रही है। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति मकरंद एस कार्णिक की पीठ ने 9 अप्रैल को एनजीओ नागरिक सेवा सुधार समिति के अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान शेख द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

शेख। याचिकाकर्ता के वकील भरत मीरचंदानी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने सार्वजनिक उपयोग के लिए बनी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के लिए प्रतिवादी कंसारी माता आदिवासी सामाजिक विकास संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। याचिका में दावा किया गया है कि अक्सा, मलाड (पश्चिम) में विचाराधीन भूमि सरकारी परिपत्रों के अनुसार सौर लाइट, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण जैसी सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आरक्षित थी।

मीरचंदानी ने तर्क दिया कि अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने कहा, ''किसी ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है या नहीं, यह मुद्दा तथ्य का प्रश्न है और आम तौर पर विवादित होता है।'' हालांकि, विशेष परिस्थितियों को देखते हुए, पीठ ने कलेक्टर या अधिकृत प्रतिनिधि को याचिकाकर्ता, प्रतिवादियों और भूमि पर कब्जा करने वाले अन्य लोगों सहित सभी पक्षों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## मुंबई। नालों से निकाला गया कीचड़ सड़क किनारे छोड़ने पर लोग परेशान



**मुंबई :** नालों की सफाई का काम तेजी से जारी है, लेकिन शहरवासियों ने शिकायत की है कि नालों से निकाले गए कीचड़ और कचरा सड़कों के किनारे छोड़ दिया जा रहा है। मनपा प्रशासन का कहना है कि यह सामान्य प्रक्रिया है ताकि कीचड़ सूख सके और फिर उसे डंपिंग ग्राउंड तक ले जाया जा सके। । हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे बदबू फैलती है और अगर अचानक बारिश हो गई तो यह कीचड़ दोबारा नालों में बहकर जा सकती है। बांद्रा पश्चिम की निवासी लिलियन पैस ने बताया कि उन्होंने अंधेरी में सड़क पर कीचड़ का ढेर देखा। उन्होंने कहा मुंबई जैसे शहर में जहां बेमौसम। बारिश आम है, मनपा को अपने ठेकेदारों को निर्देश देना चाहिए कि कीचड़ को तुरंत हटा लिया जाए ताकि वह फिर से नाले में न जाए। एक अन्य निवासी ने बताया कि उन्होंने बांद्रा स्टेशन रोड और तलाव के पास भी कीचड़ के ढेर देखे। धारावी जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में, जहां पहले से ही ट्रैफिक की समस्या है लोग कह रहे हैं कि सड़क किनारे पड़े कीचड़ हालात और बिगाड़ रही है। पूर्व नगरसेवक रवि राजा ने कहा सायन ब्रिज बंद होने के कारण ट्रैफिक और बढ़ गया है।

## मुंबई : कोलाबा में जेटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**मुंबई :** कोलाबा में जेटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दिन-ब-दिन तेज होता जा रहा है, क्योंकि निवासियों को विभिन्न दलों के राजनीतिक समर्थन मिल रहे हैं। शिवसेना यूबीटी के स्थानीय सांसद अरविंद सावंत, स्थानीय भाजपा विधायक और स्पीकर राहुल नार्वेकर, समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के बाद अब शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने जेटी परियोजना पर आपत्ति जताई है। देवड़ा कोलाबा के पूर्व सांसद और निवासी भी हैं।


उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे अपने पत्र में देवड़ा ने रेडियो क्लब और गेटवे ऑफ इंडिया के बीच प्रस्तावित जेटी के स्थान के बारे में स्थानीय हितधारकों और नागरिकों की चिंताओं को उठाया है। पत्र में कहा गया है, ''हालांकि जल परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की पहल की बहुत सराहना की जाती है और यह निश्चित रूप से शहर की विकास आवश्यकताओं के अनुरूप है, लेकिन वर्तमान में विचाराधीन विशिष्ट स्थान महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कर सकता है। गेटवे ऑफ इंडिया पहले से ही पर्यटकों के लिए एक उच्च-फुटफॉल वाला गंतव्य है, और इस तत्काल आसपास के क्षेत्र में एक नया जेटी जोड़ने से काफी भीड़भाड़, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और पर्यटकों और नागरिकों दोनों के लिए सामान्य असुविधा हो सकती है।'' देवड़ा ने उपमुख्यमंत्री से फेरी व्हार्फ (भाऊचा धक्का) या बैलार्ड एस्टेट जैसे वैकल्पिक और अधिक उपयुक्त स्थानों पर विचार करने का आग्रह किया है।

## मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार



**भिवंडी :** शांतिनगर पुलिस स्टेशन की टीम ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी इमाम उस्मान शेख जो शांतिनगर पुलिस चौकी के पीछे रह कर गांजा तस्करी के व्यवसाय में लिप्त था। पुलिस ने गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि आरोपी गांजा नामक मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है। पुलिस ने 1 है। पुलिस ने उसे जब्बार कंपाउ में जाल बिछाकर रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से कुल 1.455 किलोग्राम वजन का गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब 43,650 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## मुंबई : मुझे नहीं पता कि आप पुराने मुद्दे फिर क्यों उठा रहे हैं; भड़क गए अजित पवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र में हाल ही में उप-मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार और एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार साथ में दिखे थे, जिससे राजनीति में संभावित बदलावों के कयास लगाए जाने लगे. यह मुलाकात सतारा के छत्रपति शिवाजी कॉलेज में रयत शिक्षण संस्था की प्रबंध परिषद की बैठक के दौरान हुई. हालांकि, यह एक शैक्षणिक संस्था की औपचारिक बैठक थी, लेकिन जैसे ही मीडिया ने इसे लेकर सवाल उठाए, अजित पवार भड़क गए. अजित पवार ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि आप पुराने मुद्दे फिर क्यों उठा रहे हैं. यह संस्था सभी की है, और साहेब (शरद पवार) इसके प्रमुख हैं. मुझे बैठक के लिए बुलाया गया था और इसलिए बैठक में शामिल होना मेरा कर्तव्य था.''

**2023 में अलग हुए थे अजित पवार**

दरअसल, यह बैठक तब चर्चा में आई जब शरद पवार, अजित पवार एनसीपी नेता दिलीप वलसे पाटिल और कांग्रेस नेता विश्वजीत कदम एक ही मंच पर बैठे नजर आए. चाचा-भतीजे के बीच जुलाई 2023 में राजनीतिक दूरी तब बढ़ गई थी, जब अजित पवार पार्टी के कुछ विधायकों के साथ अलग हो गए और एकनाथ शिंदे सरकार का हिस्सा बने. इसके बाद दोनों गुटों के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी रही है, ऐसे में किसी भी सार्वजनिक मंच पर उनकी मौजूदगी चर्चा का विषय बन जाती है.

**सगाई समारोह में भी साथ नजर आए थे शरद पवार-अजित पवार**

शरद पवार रयत शिक्षण संस्था के अध्यक्ष हैं, जिसकी स्थापना 1919 में कर्मवीर भाऊराव पाटिल ने की थी. इस हफ्ते यह दूसरी बार था जब दोनों नेता एक साथ नजर आए. इससे पहले शरद पवार, अजित पवार के बेटे जय पवार की सगाई समारोह में भी पहुंचे थे.

रयत शिक्षण संस्था के अध्यक्ष शरद पवार ने बताया कि बैठक में 'रयत' नामक एक मासिक पत्रिका शुरू करने का फैसला लिया गया है, जिसमें शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, साहित्य और सामाजिक विषयों पर लेख शामिल होंगे. साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और 3डी प्रिंटिंग जैसे आधुनिक तकनीकी विषयों पर पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे.

## सतारा में बार-बार बिजली कटौती से नागरिकों को असुविधा

**सतारा :** पिछले कुछ दिनों से गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, सतारा के लोगों का शरीर भी गर्म हो रहा है। एक ओर जहां तापमान बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर महावितरण बिजली आपूर्ति में कटौती कर रहा है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिकों को असुविधा हो रही है। इससे सातारकर को कष्ट हुआ है।

## उल्हासनगर : पाक्सो तहत गिरफ्तार 28 वर्षीय आरोपी के खिलाफ 24 घंटे में चार्जशीट दाखिल



**मुंबई :** महाराष्ट्र पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अपराधी के खिलाफ चार्टशीट दाखिल करके न्याय प्रणाली में तेजी का उदाहरण पेश किया है। पुलिस ने साक्ष्य और गवाहों के बयान को समेटते हुए जल्द से जल्द कानूनी प्रक्रिया को पूरा किया। इस पहल से न केवल न्याय में तेजी आएगी, बल्कि अपराधी के मन में भी भय पैदा होगा। मामले में उल्हासनगर की हिल लाइन पुलिस ने पाक्सो तहत गिरफ्तार 28 वर्षीय आरोपी के खिलाफ 24 घंटे में चार्जशीट दाखिल की।

पुलिस ने कोर्ट से अपील की है कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए ताकि पीड़िता को त्वरित न्याय मिल सके। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, यह घटना छह अप्रैल को हुई थी। 12 वर्षीय पीड़िता के माता-पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि आरोपी ने उनकी बेटी को अनुचित तरीके से छुआ था। माता-पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

**कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेजा**

इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और सात अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, गवाहों के बयान दर्ज किए गए और अन्य औपचारिकताएं पूरी कर आठ अप्रैल को आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

# मुंबई: महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में ड्रेस कोड लागू करने के लिए मुहीम

**मुंबई:** महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में धीरे-धीरे आगंतुकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है। इन पूजा स्थलों का प्रबंधन करने वाले न्यासियों ने दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन और पारंपरिक कपड़े पहनने का आग्रह किया है। महाराष्ट्र के मंदिरों के न्यासियों का मानना है कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए 'ड्रेस कोड' आवश्यक है जबकि धार्मिक स्थलों में आने वाले लोग मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। 'चिंचवड देवस्थान ट्रस्ट' द्वारा प्रबंधित मंदिरों ने शुक्रवार को परामर्श जारी कर श्रद्धालुओं से ''उचित'' पोशाक पहन कर आने का अनुरोध किया है। यह ट्रस्ट पुणे जिले के मोरगांव और थेऊर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवड में मोरया गोसावी



संजीवन और रायगढ़ में खार नारंगी स्थित मंदिर का प्रबंधन करता है।

ट्रस्ट ने यह साफ किया कि 'ड्रेस कोड' अनिवार्य नहीं बल्कि इन मंदिरों में शिष्टाचार को बनाए रखने के लिए यह एक सम्मानजनक अपील है। पुणे की निवासी अदिति काणे ने कहा, ''इन दिनों लोग मंदिर जाने की योजना पहले से नहीं बनाते बल्कि वे अपनी छुट्टियों के दौरान किसी स्थान पर जाते समय यहां चले जाते हैं। मैं अपनी छुट्टियों के दौरान मंदिर गई और वहां मैंने देखा कि बहुत कम श्रद्धालुओं को छोड़कर अधिकांश लोगों ने सभ्य पोशाक पहनी हुई थी। मंदिर प्रबंधन द्वारा ड्रेस कोड के बारे में अपनी अपेक्षाएं व्यक्त करने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन उन्हें इसे लागू नहीं करना चाहिए।''

मुंबई स्थित श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट ने इस वर्ष जनवरी में इस प्रमुख मंदिर के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिए जाने की घोषणा की। इस प्रसिद्ध मंदिर में मशहूर हस्तियों सहित हजारों लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। पिछले साल रत्नागिरी के 50 मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया था और मंदिरों के प्रवेश द्वारों पर सूचना पट्ट लगाकर लोगों से पूरे कपड़े पहनने और आपत्तिजनक कपड़ों से बचने का आग्रह किया गया था। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ ने रत्नागिरी में 11 स्थानों पर बैठकें कीं और मंदिरों के न्यासियों ने इन बैठकों के दौरान मंदिरों में पारंपरिक भारतीय परिधानों का ड्रेस कोड लागू करने का फैसला किया। अहिल्यानगर जिले के कम से कम 16 मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए गए और यहां जींस, स्कर्ट, शॉर्ट्स या आपत्तिजनक कपड़े पहन कर आने पर रोक लगा दी।

# ऑटो रिक्शा में आगजनी...
## पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज

**भिवंडी :** शहर के नवी बस्ती क्षेत्र में खड़े एक ऑटो रिक्शा को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। यह घटना करीब सुबह 5 बजे के आसपास घटी। पीड़ित की शिकायत पर शहर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पेशे से ऑटो रिक्शा ड्राइवर आप्पा साहेब मारूती वाघमारे का कहना है कि उसका ऑटो MH-04 JH-6717 जो नेहरू नगर नवीं बस्ती के सार्वजनिक स्थान पर खड़ा था। अचानक आग लगने की सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि ऑटो जलकर खाक हो चुका था। अनुमानित नुकसान करीब 35 हजार



रुपए बताया जा रहा है। आखिरकर ऑटो रिक्शा में कौन आग लगाया पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# मुंबई : राज्य के सभी किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी नंबर बताना अनिवार्य

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कृषि विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब राज्य के सभी किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना फार्मर आईडी नंबर बताना अनिवार्य होगा। यह कदम योजनाओं में भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को रोकने के लिए उठाया गया है। महाराष्ट्र के कृषि विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब राज्य के सभी किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना फार्मर आईडी नंबर बताना अनिवार्य होगा। यह कदम योजनाओं में भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को रोकने के लिए उठाया गया है।



**कब लागू होगा नियम**

यह नियम 15 अप्रैल से लागू किया जाएगा और इसका उद्देश्य योजनाओं को लागू करने की गति में तेजी लाना है। करना है। राज्य सरकार इसके लिए एग्रीस्टैक महाराष्ट्र किसान पंजीकरणनामक के डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करेगी। इस प्लेटफॉर्म से किसानों को एक यूनिक फार्मर आईडी प्रदान की जा रही है। इस आईडी की मदद से किसान सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, फसल बीमा और भू-अभिलेखों तक आसानी से पहुंच बना सकेंगे। केंद्र की एग्रीस्टैक एक डिजिटल पहल है। इस पहल को देश की कृषि व्यवस्था को मजबूत करने और बेहतर परिणाम लाने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल सेवाओं और डाटा के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह प्रणाली राज्य में फसलों और जमीन पर भी नजर रखेगी। पिछले वर्ष जब कृषि मंत्रालय ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के तहत किसानों को सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की योजना बनाई, तब विभाग में कई कथित भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे। एचटी की रिपोर्ट में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि 90 लाख किसानों को यूनिक ID नंबर दे दिया गया है।

# ठाणे : ट्रस्ट से 98 लाख रुपये की हेराफेरी; आरोपी दो व्यक्तियों की जमानत याचिका खारिज



**ठाणे:** भिवंडी में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अदालत ने गणेशपुरी में डिंडेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट से 98 लाख रुपये से अधिक की कथित हेराफेरी के संबंध में आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी के आरोपी दो व्यक्तियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जेएमएफसी पी. एम. कोलसे ने आरोपी विनायक गौरू वखारे और ज्ञानेश्वर बलराम भोईर की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मामला सार्वजनिक धन और गंभीर आर्थिक अपराधों से जुड़ा है, इसलिए इस स्तर पर आरोपियों को रिहा करने से न्याय में बाधा उत्पन्न होने का खतरा हो सकता है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 120बी (आपराधिक साजिश) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यह मामला एक भक्त मारुति पंढरीनाथ पाटिल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से उपजा है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि मंदिर ट्रस्ट को बड़ी मात्रा में सार्वजनिक दान का दुरुपयोग किया गया था। यह एफआईआर अदालत द्वारा निर्देशित जांच के बाद दर्ज की गई थी, जब शिकायतकर्ता ने अदालत में यह दावा किया था कि पुलिस शुरू में उनकी शिकायत पर कार्रवाई करने में विफल रही थी।

# चंद्रपुर : टाइगर के हमले में 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**चंद्रपुर :** जिले में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की टाइगर के हमले में मौत हो गई। विनायक जांभुले, जो चिकखंडा गांव के निवासी थे, महुआ फूलों को इकट्ठा करने के लिए जंगल में गए थे, तभी टाइगर ने उन्हें अपना शिकार बना लिया। घटना चंद्रपुर के नॉर्थ फॉरेस्ट रेंज के कम्पार्टमेंट 1003 में हुई। फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मृतक के परिवार को ₹25,000 की तत्काल वित्तीय सहायता दी गई है। मृतक का पोस्टमॉर्टम कर दिया गया है और पंचनामा भी पूरा हो चुका है। इसके साथ ही, उमा नदी के पास लापता हुए तीन टाइगर शावकों को रविवार तड़के मुल तहसील में खोजकर पकड़ लिया गया। यह शावक उस टाइगर की संतान हैं, जिसने पहले तीन लोगों को मार डाला था।

# बच्चों के एडमिशन के लिए अभिभावकों से 40 से 50 हजार रुपए तक की मांग कर रहे हैं दलाल

**मुंबई :** वर्ली स्थित सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल में एडमिशन करने के लिए दलाल सक्रिय हो गए हैं। ये दलाल बच्चों के एडमिशन कराने के लिए अभिभावकों से 40 से 50 हजार रुपए तक की मांग कर रहे हैं। इस मामले को लेकर स्कूल के हेड टीचर का कहना है कि उनका स्कूल डोनेशन के सख्त खिलाफ है। उन्हें भी जानकारी मिली



है कि कुछ एजेंट उनके स्कूल में एडमिशन के नाम पर पैसे ऐंठते हैं। हेड टीचर ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि अगर कोई एजेंट उनसे एडमिशन के लिए पैसे की मांग करता है, तो वे तुरंत स्कूल प्रशासन को इसकी जानकारी दें। इससे स्कूल प्रशासन ऐसे एजेंटों पर कार्रवाई कर सकेगा।

**स्कूल प्रशासन की कार्रवाई**

स्कूल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वे एडमिशन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# मुंबई : अंतर तटीय क्षेत्र में चल रही चक्रवाती हवाओं के कारण तापमान 33-34 डिग्री सेल्सियस के आसपास

**मुंबई :** पिछले हफ़्ते राज्य में एक ऐसी स्थिति देखने को मिली, जहाँ अंदरूनी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस और उससे ज्यादा तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही थी, जबकि मुंबई में अधिकतम तापमान 33-34 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। यह अंतर तटीय क्षेत्र में चल रही चक्रवाती हवाओं के कारण है। हालाँकि, अत्यधिक नमी से थोड़ी राहत के बाद, मुंबई में अगले कुछ दिनों तक पारा थोड़ा बढ़ने और फिर धीरे-धीरे गिरने का अनुमान है।



बई में अगले दो दिनों तक आसमान साफ रहने और तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा ऊपर रहने की उम्मीद है। हालांकि, सप्ताह के अंत में पारा 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहेगा।

मुंबई और अंदरूनी इलाकों में मौसम की स्थिति में हवा के पैटर्न में बदलाव के कारण थोड़ा अंतर है। अंदरूनी इलाकों में तापमान गर्मियों के हिसाब से सामान्य था, लेकिन पश्चिमी हवाओं के कारण मुंबई में तुलनात्मक रूप से कम था, 'आईएमडी मुंबई की अधिकारी सुषमा नायर ने कहा।

# गिरिराज को दिखा बंगाल में डर का माहौल, बोले- क्या सीएम चाहती हैं कि हिंदू राज्य छोड़ दें?




**पटना (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में भड़की हिंसा के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदू समुदाय डर के साए में जी रहा है और यह स्थिति देश के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। मीडिया से एक बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, कि क्या ममता बनर्जी चाहती हैं कि हिंदू बंगाल छोड़ दें? उन्हें केवल एक वर्ग का वोट बैंक दिखाई देता है, जबकि उनकी जिम्मेदारी पूरे राज्य के नागरिकों की सुरक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा, जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो जनता की रक्षा कौन करेगा? जो कुछ बंगाल में हो रहा है, वह संविधान और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरे की घंटी है।

तेजस्वी पर भी साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी बिहार में सत्ता में आने से पहले ही लोगों को डराने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तेजस्वी कहते हैं कि वे सत्ता में आए तो बंगाल जैसी स्थिति बिहार में पैदा करेंगे। क्या यह लोकतंत्र है? गिरिराज सिंह ने कहा कि जनता अब जागरूक है और ऐसे नेताओं को पहचानती है जो समाज को बांटने की कोशिश करते हैं। उन्होंने ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव दोनों से अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने और समाज में शांति बनाए रखने की अपील की।

गिरिराज सिंह के इस बयान से एक बार फिर पश्चिम बंगाल की राजनीति में धर्म और सुरक्षा का मुद्दा गरमा गया है। विपक्ष जहां ममता सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहा है, वहीं राज्य सरकार और उनके समर्थक इसे राजनीतिक साजिश करार दे रहे हैं।

# राहुल गांधी का सिस्टम पर हमला, काबिल युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह' में फंसे हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कपड़ा और फैशन कारोबार में बहुजनों की उपेक्षा का मुद्दा उठाकर कहा कि इस क्षेत्र में बहुजन समुदाय का न प्रतिनिधित्व है, न ही उनके पास शिक्षा और नेटवर्क की पहुंच है। उन्होंने मुद्दे को समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और अन्याय के संदर्भ में बताया। उनका कहना था कि इस स्थिति में काबिल युवाओं को भी उचित मौके नहीं मिल पाते।

दरअसल राहुल गांधी ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान एक कपड़ा डिजाइन फैक्ट्री का दौरा किया था। इस दौरे की वीडियो क्लिप उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर साझा की। वीडियो में उन्होंने फैक्ट्री से जुड़े एक व्यक्ति से की गई बातचीत का जिक्र किया। राहुल ने बताया कि फैक्ट्री में काम कर रहे व्यक्ति ने कहा था, मैं आज तक कपड़ा डिजाइन के उद्योग में किसी ओबीसी (अवधि में पिछड़ा वर्ग) से नहीं मिला। यह बात उस युवा व्यापारी ने मुझसे कही, जो कि अपनी कड़ी मेहनत और हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपनी



पहचान बनाई है।

राहुल गांधी ने कहा कि इस युवा के पास सुई और धागे से काम करने का अद्भुत हुनर था, लेकिन उसकी मेहनत की कोई कद्र नहीं हो रही थी। वे 12-12 घंटे काम करता था, लेकिन उद्योग में उसकी मेहनत और हुनर का उचित मूल्यांकन नहीं हो रहा था। राहुल ने कहा कि बाकी उद्योगों की तरह कपड़ा और फैशन उद्योग में भी बहुजनों का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। उनका कहना था कि यह क्षेत्र उन युवाओं के लिए बहुत ही अवसरहीन बना हुआ है, जो मेहनत करने के बावजूद अपनी स्थिति सुधारने में असमर्थ हैं।

राहुल गांधी का कहना था कि इसतरह के काबिल युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह' में फंसे हुए हैं, जिनका कोई मोल नहीं है। राहुल गांधी ने सिस्टम की गलती बताकर कहा कि इन हुनरमंद युवाओं को समाज में उचित स्थान नहीं मिल पा रहा। राहुल गांधी ने अपनी इस लड़ाई को सामाजिक न्याय और श्रम के सम्मान के संघर्ष के रूप में पेश किया। उनका कहना था कि इस अन्याय को खत्म करने की जरूरत है, ताकि हर हुनरमंद युवा को अपनी मेहनत का उचित फल मिल सके और वह सिस्टम में अपना स्थान पा सके। उन्होंने कहा, मेरी लड़ाई इसी चक्रव्यूह को तोड़ने की है, ताकि हर हुनरमंद को सिस्टम में घुसने का रास्ता मिल सके।

राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि कपड़ा और फैशन उद्योग में भी बहुजन समुदाय के युवाओं को मौका मिलना चाहिए, ताकि उनका हुनर और मेहनत सराहा जा सके। राहुल गांधी ने इस पूरे मुद्दे को उठाकर फिर बहुजन समाज के लिए शिक्षा, रोजगार और समाज में अवसरों की कमी को प्रमुखता से पेश किया।

# कर्नाटक में मनरेगा घोटाला : पुरुष बने महिला, साड़ी पहनकर की मजदूरी

बेंगलुरु। कर्नाटक के यादगीर जिले के मालदार गांव में मजदूरी घोटाले का मामला उजागर हुआ है। यहां कुछ पुरुष मजदूरों ने साड़ी पहनकर महिलाओं के नाम पर मजदूरी की, जबकि असली महिला श्रमिकों ने काम ही नहीं किया। यह फर्जीवाड़ा नाला गहरीकरण परियोजना के दौरान तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो गईं। इनमें पुरुष साड़ी पहनकर काम करते नजर आए। यह कार्य मल्लार गांव के एक किसान, निंगप्पा पुजारी के खेत में किया जा रहा था और परियोजना की कुल लागत 3 लाख रुपए बताई गई है। जिला पंचायत के सीईओ ने इस घोटाले की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके पर दर्ज पुरुष और महिला श्रमिकों की संख्या आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रही है। रिकॉर्ड के मुताबिक 6 पुरुष और 4 महिलाएं काम कर रही थीं, लेकिन महिलाओं की जगह पुरुषों ने साड़ी पहनकर उनकी उपस्थिति दर्ज कराई और फर्जी मजदूरी का दावा किया। इस घोटाले की योजना वीरेश बेयरफुट टेक्नीशियन ने बनाई थी, जो पंचायत विभाग के साथ अनुबंध पर कार्यरत था। उसे निलंबित कर दिया गया है। सीईओ ने बताया कि इस संबंध में फरवरी में ही शिकायतें मिली थीं और उस पर कार्रवाई शुरू हो गई थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस परियोजना के तहत अब तक किसी को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जांच में पता चला है कि नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर ऐप के जरिए उपस्थिति में भी हेराफेरी की गई थी। फर्जी तस्वीरें अपलोड कर वास्तविक मजदूरों की जगह गलत लोगों को हाजिर दिखाया गया, जिससे महिलाओं के नाम पर मजदूरी का फर्जी भुगतान किया गया। मल्लार गांव के पंचायत विकास अधिकारी चन्नबसवा ने खुद को इस घोटाले से अलग करते हुए कहा कि मुझे इस फर्जीवाड़े की जानकारी नहीं थी। जैसे ही मामला सामने आया अनुबंध कर्मचारी वीरेश को निलंबित कर दिया गया है।

# कुल्लू में टूटा मंगलौर पुल, सीमेंट लदा ट्रक नदी में गिरा, चालक बाल-बाल बचा, यातायात ठप

**कुल्लू (एजेंसी)**। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर स्थित मंगलौर पुल का एक हिस्सा टूट गया। हादसे के वक्त पुल से एक सीमेंट से भरा ट्रक गुजर रहा था, जो सीधे नीचे नदी में जा गिरा। राहत की बात यह रही कि ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, हालांकि इस हादसे में वह घायल हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा शनिवार सुबह करीब 8 बजे हुआ, जब सीमेंट से लदा भारी ट्रक पुल पार कर रहा था। पुल की पहले से जर्जर हालत और लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के चलते उसकी संरचना कमजोर हो गई थी। जैसे ही ट्रक बीच में पहुंचा, पुल का एक हिस्सा धंस गया और ट्रक संतुलन खो बैठा और सीधे नदी में जा गिरा।



### यातायात ठप, पर्यटक और स्थानीय लोग फंसे

इस हादसे के बाद ओट-बंजार मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया। यह मार्ग कुल्लू को बंजार, आनी और निरमंड जैसे क्षेत्रों से जोड़ता है, जहां इन दिनों पर्यटन सीजन चरम पर है। मार्ग बंद होने से सैकड़ों पर्यटक और स्थानीय लोग फंस गए और कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।

### प्रशासन ने सतर्कता के साथ राहत कार्य किया शुरू

स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। कुल्लू प्रशासन ने बताया कि एनएचएआई को सूचित किया गया है और विशेषज्ञों की एक टीम जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचकर मरम्मत का काम शुरू करेगी। वैकल्पिक मार्गों की तलाश की जा रही है, लेकिन फिलहाल कोई आसान रास्ता उपलब्ध नहीं है। ऐसे हालात में प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस मार्ग पर यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही, पर्यटकों को वैकल्पिक मार्गों और ठहराव की जगहों के बारे में जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन भी सक्रिय की गई है।

# पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन, सड़क, रेल यातायात बाधित

### -सुती में हिंसक प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों पर पथराव, कई वाहन जलाए

**कोलकाता (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी और सड़क एवं रेल यातायात को बाधित कर दिया। भीड़ को नियंत्रित करने में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के सुती में प्रदर्शन हिंसक हो गया, जब निषेधाज्ञा के बावजूद प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया, जुलूस के दौरान पुलिस वैन और सार्वजनिक बसों को आग लगा दी गई। अधिकारी ने बताया कि समस्या तब शुरू हुई जब जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए और वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने शमशेरगंज में डाकबंगला मोड़ से सुतिर सजुर मोड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग-12 के एक हिस्से को रोक दिया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन तब हिंसक हो गया, जब प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस वैन पर पथराव किया। इसके परिणामस्वरूप पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई, जिसमें करीब 10 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रण करने के लिए लाठीचार्ज किया और बाद में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। हिंसा के बीच कुछ पुलिसकर्मियों को मस्जिद में शरण दी गई। वहीं, जिला प्रशासन ने सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सीमा सुरक्षा बल से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। अधिकारियों के मुताबिक मालदा में प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर धरना दिया जिससे ट्रेन की आवाजाही रुक गई। उन्होंने बताया कि पूर्वी रेलवे के फरक्का-आजमिगंज खंड पर भी ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। इस बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है।

# बिहार में 15 अप्रैल तक आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ होगी बारिश, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**पटना (एजेंसी)**। बिहार में अभी बारिश का दौर थमा नहीं है। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल तक अलर्ट जारी किया है। बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल तक आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ मूसलाधार बारिश की संभावना है। उधर पिछले तीन दिनों से राज्य के कई जिलों में आंधी तूफान और वज्रपात के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी 15 अप्रैल तक राज्य के सभी जिलों में मौसम खराब रहने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात हो सकती है। इसके अलावा कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 12 अप्रैल को उत्तर पश्चिम, उत्तर मध्य, उत्तर पूर्व, दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य और दक्षिण पूर्व इलाके के एक या दो से अधिक इलाकों में बारिश होगी। इन इलाकों में आंधी-तूफान के साथ बारिश भी हो सकती है। जबकि 13 से 14 अप्रैल को उत्तर-पूर्वी सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार तथा दक्षिण बिहार के भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में अनेकों स्थानों पर झमाझम बारिश होगी। वहीं 15 अप्रैल को भी बिहार में एक या दो स्थानों पर आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ बारिश होगी। आपको बता दें कि मौसम विभाग द्वारा 3 से 15 अप्रैल तक कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, पटना और गया में ऑरेंज अलर्ट रहेगा।

* बिहार में वज्रपात से 64 लोगों की मौत

बिहार में पिछले तीन दिनों के दौरान वज्रपात से कुल 64 लोगों की मौत हुई है। इसमें नालंदा जिले में सबसे अधिक 23 लोगों की हुई है जबकि दरभंगा में 6, बेगूसराय 5, भोजपुर 5, मधुबनी 4, सहरसा 4, जमुई 3, पटना 3, गया 3, समस्तीपुर 2, औरंगाबाद 2, अररिया में 1, जहानाबाद 1, अरवल 1 और मुजफ्फरपुर में 1 व्यक्ति की मौत हुई।

* 19 जिलों में चमकेगी आकाशीय बिजली

मौसम विभाग के अनुसार बिहार में अगले दो से तीन दिनों तक मौसम का खराब रह सकता है। 15 अप्रैल तक आंधी, बारिश और वज्रपात के लगातार जारी रहने की संभावना जताई गई है। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है। वहीं बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। खासकर खेतों, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने की हिदायत दी गई है। पटना मौसम केंद्र के अनुसार, पूरे राज्य में 15 अप्रैल तक आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा। मौसम को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।



## 8,60,000 अफगान नागरिक पाक छोड़कर गए

इस्लामाबाद। सितंबर 2023 के बाद से 8,60,000 से अधिक अफगान नागरिक पाकिस्तान छोड़ चुके है, जिनमें से पांच लाख से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा के रास्ते सीमा पार कर अफगानिस्तान चले गए हैं। मीडिया की एक खबर से यह जानकारी सामने आई है। स्वैच्छिक वापसी की अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) की समय सीमा समाप्त होने के बाद पाकिस्तान ने एक अप्रैल को दूसरे चरण के तहत अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजना शुरू किया। पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिकों को चरणबद्ध तरीके से वापस भेजने की प्रक्रिया का पहला चरण 2023 में शुरू किया गया था। 2023 में सरकार ने पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों को वापस भेजने की घोषणा की थी। डॉन समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर 2023 से पांच अप्रैल 2025 के बीच 8,61,763 अफगान नागरिक पाकिस्तान से अपने देश लौट गए हैं।

## आबकारी पुलिस के सचल दस्ते पर बंदूकधारियों के हमले में चार की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आबकारी पुलिस के सचल दस्ते पर गोलीबारी की जिसमें एक उपनिरीक्षक समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बंदूकधारियों ने नौशेरा जिले के तारू जब्बा में मुख्य जीटी रोड पर आबकारी पुलिस के सचल दस्ते को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में एक उपनिरीक्षक, दो कांस्टेबल और एक चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इलाके में तलाश अभियान जारी है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने पुलिस को गोलीबारी में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल कार्वाई करने का निर्देश दिया।

## मध्य म्यांमा में भूकंप के झटके

बैंकॉक। मध्य म्यांमा के छोटे से शहर मीकटिला के निकट रविवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। यह भूकंप ऐसे समय में आया है जब म्यांमा 28 मार्च को देश के मध्य क्षेत्र में आए 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद राहत कार्य में जुटा है। नवीनतम भूकंप का केन्द्र म्यांमा के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले और राजधानी नेपीता के बीच था, जहां पिछले माह आए भूकंप में भारी क्षति हुई थी और लोग हताहत हुए थे। नए भूकंप से किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नही है। यह 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से सबसे शक्तिशाली था। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन के अनुसार, शुक्रवार तक भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी तथा 5,018 लोग घायल हुए थे।

## नाइजीरिया में सड़क किनारे बम विस्फोट से आठ लोगों की मौत

मैदुगुरी (बोर्नो)। नाइजीरिया के पूर्वोत्तर हिस्से में कथित तौर पर इस्लामी चरमपंथियों द्वारा लगाए गए बम की चपेट में एक बस के आ जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य पुलिस के प्रवक्ता नाहुम दासो ने एक बयान मे कहा कि शनिवार को अशांत बोर्नो राज्य में डम्बोआ-मैदुगुरी राजमार्ग पर बस में छिपाकर रखे गए बम की चपेट मे आ गई। नाइजीरिया में बोको हराम समूह के इस्लामी चरमपंथी पश्चिमी शिक्षा का विरोध करने तथा इस्लामी कानून का अपना कट्टरपंथी संस्करण लागू करने के लिए 2009 से संघर्ष कर रहे हैं।

# पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी समाचार टीवी चैनल ने वित्तपोषण में कटौती के बाद कर्मचारियों को हटाया

**काहिरा।** अमेरिका से आर्थिक सहायता पाने वाले अरबी भाषा के एक टीवी चैनल और न्यूज वेबसाइट के प्रमुख ने ट्रंप प्रशासन और एलन मस्क पर गैर-जिम्मेदाराना और गैर-कानूनी तरीके से वित्तपोषण में कटौती करने का आरोप लगाते हुए अधिकतर कर्मचारियों को नौकरी से हटाने और टीवी कार्यक्रमों में कटौती करने की घोषणा की है। समाचार संस्थान अल हुर्रा न्यूज का दावा है कि पश्चिम एशिया और उत्तर अफ्रीका में उसके तीन करोड़ से अधिक दर्शक हैं। शनिवार को अल हुर्रा न्यूज के कर्मचारियों को उनकी बर्खास्तगी के संबंध में भेजे गए नोटिस में संस्थान के प्रमुख जेफरी गेडमिन ने कहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी है कि अल हुर्रा और उसके सहयोगी संस्थानों के लिए संसद द्वारा स्वीकृत धनराशि पर लगी अमेरिकी प्रशासन की रोक जल्द हटेगी। गेडमिन ने अल हुर्रा, वॉयस ऑफ अमेरिका और विदेश में अमेरिका से आर्थिक सहायता पाने वाले अन्य समाचार कार्यक्रमों की निगरानी करने वाली अमेरिकी सरकारी एजेंसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियुक्त कैरी लेक पर आरोप लगाया कि उन्होंने वित्तपोषण में कटौती के बारे में बात करने के प्रयासों को टाल दिया। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को मिले कर्मचारियों के बर्खास्तगी नोटिस में गेडमिन ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वह (कैरी लेक) जानबूझकर हमें वह पैसा नहीं दे रही हैं जो हमें आपको, हमारे समर्पित और कड़ी मेहनत करने वाले कर्मचारियों को देने के लिए चाहिए। व्हाइट हाउस से इस मामले पर शनिवार को प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन तत्काल कोई जवाब नहीं आया। दुबई में अल हुर्रा समाचार वेबसाइट में काम करने वाले मिस्र के पत्रकार मोहम्मद अल-सबाग ने एपी को बताया कि वेबसाइट और टेलीविजन चैनल के सभी कर्मचारियों को अनुबंध समाप्त करने संबंधी ईमेल प्राप्त हुए हैं। अल-हुर्रा से पहले वॉयस ऑफ अमेरिका, रेडियो फ्री यूरोपारेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया समेत विभिन्न समाचार संस्थानों ने कर्मचारियों और सेवाओं में कटौती की है।

# इजराइल का गाजा में अस्पताल पर निशाना

दीर अल-बलाह (गाजा)



**इजराइल ने रविवार** तड़के उत्तरी गाजा स्थित एक अस्पताल पर हमला किया, जिससे मरीजों को अस्पताल से निकालना पड़ा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इजराइल ने निकासी की चेतावनी जारी किए जाने के बाद गाजा सिटी के अल-अहली अस्पताल पर तड़के हमला किया। मंत्रालय ने बताया कि अस्पताल खाली करने के दौरान एक मरीज की मौत हो गई क्योंकि चिकित्सकीय कर्मी तत्काल देखभाल प्रदान करने में असमर्थ थे। मृतक मरीज एक लड़की थी। यरुशलम डायोसिस द्वारा संचालित इस अस्पताल पर पाम संडे के दिन हमला किया गया, जो ईशु के यरूशलम में प्रवेश की याद में मनाया जाता है। डायोसिस आफ यरूशलम ने हमले की निंदा की और कहा कि यह हमला पाम संडे के दिन किया गया जब ईसाई वर्ष के सबसे पवित्र सप्ताह (होली वीक) की शुरुआत हो रही है। इजराइल ने कहा कि उसने अस्पताल में बने कमान और नियंत्रण केंद्र पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल हमास द्वारा इजराइली नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया जाता था। हालांकि, इजराइल ने कोई सबूत नहीं दिया। इजराइल ने कहा कि हमले से पहले, क्षति को कम करने के लिए कदम उठाए गए थे, जिसमें चेतावनी जारी करना और हवाई निगरानी शामिल थी। इसके कुछ ही घंटे बाद, मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक कार पर किए गए एक अन्य हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टर्स अस्पताल के मुर्दाघर के कर्मचारियों ने बताया कि मृतकों में छह भाई और उनका मित्र शामिल था।

## गाजा की स्थिति पर लोगों की नाराजगी, बांग्लादेश ने पासपोर्ट पर इजराइल छोड़कर शब्द फिर छपवाए

**ढाका।** बांग्लादेश ने गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश के बीच अपने पासपोर्ट पर फिर से इजराइल को छोड़कर शब्द लिखने शुरू कर दिए है यानी उसके नागरिक इजराइल की यात्रा नही कर सकेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और आव्रजन विभाग को विदेश जाने वाले नागरिकों के आधिकारिक यात्रा परमिट में यह वाक्य फिर से लिखने का निर्देश दिया कि यह पासपोर्ट इजराइल को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के लिए वैध है। गृह मंत्रालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग की उप सचिव नीलिमा अफरोज ने समाचार एजेंसी से कहा, हमने सात अप्रैल को पत्र (निर्देश) जारी किया था।

# ईरान और अमेरिकी राजदूतों ने परमाणु कार्यक्रम पर पहली बार की सीधी बातचीत

मस्कट



**ईरान और अमेरिका के** राजदूतों ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों पर शनिवार को बातचीत की और अगले सप्ताह दोनों के बीच इस मामले में दूसरे दौर की बातचीत होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने अपनी एक खबर में यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी प्रसारक ने शनिवार को खुलासा किया कि पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संक्षेप में बातचीत की। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के बाद से यह पहली बार है कि दोनों देशों ने परमाणु कार्यक्रमों को लेकर आमने सामने की बातचीत की है। खबर में बताया गया कि भले ही दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई लेकिन यह वार्ता अच्छी रही। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने शनिवार दोपहर एक बयान जारी किया और बातचीत को बेहद सकारात्मक तथा रचनात्मक करार दिया। हालांकि बयान में यह भी कहा गया कि जिन मुद्दों का हल तलाशा जाना हैं वे बेहद जटिल हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, विशेष दूत विटकॉफ का आज का सीधा संवाद पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मियामी जाते समय एयर फोर्स वन विमान में संवाददाताओं से कहा कि बातचीत ठीक दिशा में हो रही है। उन्होंने कहा, मैं आपको नहीं बता सकता क्योंकि जब तक ए पूरी नहीं हो जाएं तब तक कुछ भी मायने नहीं रखता इसलिए मुझे इसके बारे में बात करना पसंद नहीं है लेकिन ए ठीक दिशा में हो रही हैं। ईरान और अमेरिका की ओर से जारी बयानों के अनुसार अगले दौर की बातचीत अगले शनिवार 19 अप्रैल को होगी।

## अमेरिका: विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ वाले मैदान में गिरा, छह लोगों की मौत की आशंका

**कोपेक।** न्यूयॉर्क में शनिवार को दो इंजान वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ भरे मैदान में गिर गया और इस हादसे में सभी छह यात्रियों की मौत की आशंका जताई जा रही है। मित्सुबिशी एमयू-2बी विमान छह लोगों को लेकर हडसन के पास कोलंबिया काउंटी हवाई अड्डे की ओर जा रहा था लेकिन यह हवाई अड्डे से करीब 48 किलोमीटर दूर कोपेक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।दुर्घटना से परिचित एक अधिकारी के अनुसार, विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत की आशंका है।अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी।कोलंबिया काउंटी की अंडरशेरिफ जैकलीन साल्वेटोर ने शनिवार को दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि इस हादसे में कितने लोगों की मौत हुई है।

## हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक पार्टी को विघटित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मंजूरी मिली

**हांगकांग।** हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी के सदस्यों ने रविवार को पार्टी को विघटित करने की दिशा में आगे बढ़ने की मंजूरी दे दी। यह फैसला हांगकांग में असहमति पर चीन की कार्रवाई के कारण राजनीतिक स्वतंत्रता के क्षरण का एक और संकेत है। डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष लो किन-हेई ने कहा कि मतदान में भाग लेने वाले 90 प्रतिशत से अधिक सदस्यों ने केंद्रीय समिति को विघटित करने की प्रक्रिया शुरू करने के प्रस्ताव का समर्थन किया है। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले महीनों में अंतिम मतदान होगा। पार्टी का यह निर्णय पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को 1997 में चीन को सौंपने के दौरान किए गए वादे के विपरीत घटती हुई अर्ध-स्वायत्तता और स्वतंत्रता को दर्शाता है।

## नेपाल के पूर्व नरेश ने राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा पर दुख जाहिर किया

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह ने रविवार को काठमांडू के तिनकुने इलाके में पिछले महीने राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा पर दुख जताया। तिनकुने इलाके में 28 मार्च को राजशाही समर्थकों द्वारा किए गए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान एक फोटो पत्रकार सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 से अधिक लोग घायल हो गए थे।ए लोग राजशाही की पुन: बहाली और हिंदू राष्ट्र की स्थापना की मांग कर रहे थे।शाह ने नेपाली नववर्ष 2082 की पूर्व संध्या पर एक वीडियो संदेश में कहा, कुछ दिन पहले विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा, आगजनी और बर्बरता से हुए मानवीय व संपत्तियों के नुकसान के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। शाह ने कहा, नागरिक स्वतंत्रता की गारंटी के मामले में लोकतंत्र से बड़ी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर सच्चा लोकतंत्र कायम है, वहां जनता की प्रशंसा और आलोचना दोनों सुनने की परंपरा व संस्कृति है।

# इक्वाडोर: राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान शुरू

## मौजूदा राष्ट्रपति और वामपंथी वकील के बीच टक्कर

**क्विटो।** इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को लोग दूसरे चरण के तहत मतदान कर रहे हैं। दूसरे दौर के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ और वामपंथी वकील लुइसा गोंजालेज के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है।दक्षिण अमेरिकी देश में बीते दो वर्ष से भी कम समय में दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव हो रहा है और इसमें मतदान अनिवार्य है।स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे मतदान केंद्र खुले, जिसमें 1.30 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।रूढ़िवादी नेता व करोड़पति नोबोआ और गोंजालेज दोनों ने जबरन वसूली, हत्या, अपहरण और अन्य अपराधों के समाधान का मतदाताओं से वादा किया है। ए समस्याएं देश के महामारी (कोरोनावायरस) से उबरने के बाद रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गई हैं।विश्लेषकों को उम्मीद है कि इस चुनाव में दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर है।अक्टूबर 2023 में हुए आकस्मिक चुनाव में मतदाताओं ने नोबोआ को चुना था।वहीं इस वर्ष फरवरी में हुए पहले दौर के चुनाव में नोबोआ को 44.17 प्रतिशत जबकि गोंजालेज को 44 प्रतिशत मत मिले थे।विश्लेषकों को उम्मीद है कि रविवार को आने वाले परिणामों में दोनों नेताओं के बीच कांटे की टक्कर रहेगी।मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे समाप्त होगा।मतदान समाप्त होने के दो घंटे बाद शुरुआती नतीजे आने की उम्मीद है।

## सिंगापुर का बहु-नस्लीय समाज बहुत मूल्यवान है: प्रधानमंत्री वोंग

**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने रविवार को कहा कि सिंगापुर का बहु-नस्लीय और विविधतापूर्ण समाज बहुत मूल्यवान है और वैश्विक संकटों के बीच इसे बचाने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वोंग ने स्थानीय सामुदायिक सभा में हरि राया (ईद) समारोह के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे पास जो कुछ भी है वह मूल्यवान है, और हमारे पास जो कुछ भी है उसे हमेशा संरक्षित और संजोकर रखना चाहिए। वोंग ने कहा, अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृतियों से आने और अलग-अलग दृष्टिकोण रखने के बावजूद, हम हमेशा एक सिंगापुर रहेंगे। उन्होंने कहा, और जब हम कोई त्योहार मनाते हैं, जैसे कि अभी, चाहे वह हरि राया हो, दीपावली हो या चीनी नववर्ष... हम सब एक परिवार के रूप में मिलकर मनाते हैं। सिंगापुर में एकजुटता और एकता की यह भावना लंबे समय तक बनी रहे। वोंग ने बदलते विश्व के समक्ष सिंगापुर के दृढ़ एवं एकजुट रहने की आवश्यकता पर अपना संदेश भी दोहराया। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने वोंग के हवाले से कहा, हम जानते हैं कि हम वैश्विक स्तर पर बहुत कठिन समय में रह रहे हैं। हाल के घटनाक्रमों ने दुनिया में बहुत अनिश्चित परिदृश्य पैदा कर दिया है। लेकिन, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बावजूद सिंगापुर हमेशा स्थिरता और सद्भाव का प्रतीक बना रहे।

## पूर्वी कांगो में सरकार और रवांडा समर्थित विद्रोहियों के बीच हिंसक झड़प में कई लोगों की मौत

**गोमा (कांगो)।** संघर्ष प्रभावित पूर्वी कांगो में सप्ताहांत के दौरान हुए हमलों में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।सरकार ने रवांडा समर्थित विद्रोहियों पर हिंसा का आरोप लगाया।पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा और उसके आसपास के इलाकों में हाल में हुई हिंसा कतर और अफ्रीकी देशों द्वारा जारी शांति प्रयासों के लिए सबसे बड़ा खतरा है।गोमा निवासी अम्बोमा सफारी ने बताया कि कैसे उनके परिवार के चार सदस्यों ने शुक्रवार रात को गोलियों और बम धमाकों की आवाजें सुनकर बिस्तर के नीचे रात बिताई।सफारी ने बताया, हमने सैनिकों की लाशें देखीं, लेकिन हमें नहीं पता कि वे किस समूह से हैं। कांगो और एम23 विद्रोहियों के बीच दशकों से जारी संघर्ष जनवरी में उस समय और बढ़ गया, जब विद्रोहियों ने अभूतपूर्व बढ़त हासिल कर पूर्वी कांगो शहर गोमा पर कब्जा कर लिया और उसके बाद फरवरी में बुकावु शहर पर कब्जा जमा लिया।

# 'गुड बैड अग्ली' की स्क्रीनिंग के दौरान थिएटर में हादसा, बच्चे पर गिरी लाइट, जानें आगे क्या हुआ ?

अजित कुमार की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर आई और दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया। एक्शन-एंटरटेनर ने तमिलनाडु में हाउसफुल शो में दर्शकों की भीड़ खींची है। खबरों के अनुसार, फिल्म को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के बीच चेन्नई के एक थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान एक नाबालिग के साथ दुर्घटना हो गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, 12 अप्रैल को वेट्री थियेटर्स में अजीत की 'गुड बैड अग्ली' की स्क्रीनिंग को बीच में ही रोक दिया गया। इससे पहले फिल्म की रिलीज का जश्न मनाने के लिए सजाई गई डिस्को लाइट ढीली होकर गिर गई और एक छोटे बच्चे पर जा लगी। छोटा बच्चा चोटिल होने के कारण रोने और चीखने लगा।

बच्चे के परिवार और रिश्तेदारों ने थिएटर प्रबंधन के साथ तीखी बहस की और हॉल में सुरक्षा के बारे में सवाल उठाए। हालांकि, रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्ष आम सहमति पर पहुंच गए और 30 मिनट के बाद स्क्रीनिंग फिर से शुरू हो गई। यह मामला क्रोमपेट पुलिस अधिकारियों के सामने भी लाया गया,



जिन्होंने दुर्घटना की जांच शुरू की। दुर्घटना ने कई सिनेमा-प्रेमियों को झकझोर दिया और कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। थिएटर मालिकों ने अभी तक रिपोर्टों को स्पष्ट करने के लिए कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया है।

'गुड बैड अग्ली' की स्क्रीनिंग के दौरान यह घटना फिल्म की रिलीज से पहले की घटना के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें कई फैंस की जान को खतरा हो गया था। दरअसल, फिल्म की रिलीज का जश्न मनाने के लिए अजित के उत्साही प्रशंसकों ने तमिलनाडु के तेनकासी में एक थिएटर के बाहर अभिनेता का दुनिया का सबसे बड़ा कटआउट लगाया। हालांकि, कटआउट पूरा होने से पहले इसके आधार को बनाने के लिए इस्तेमाल की गई लोहे का स्ट्रक्चर ढह गया। कटआउट और इसे पकड़े हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

इस दौरान अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि इमारत बनाने के लिए इकट्ठा हुए मजदूर और प्रशंसक अपनी जान बचाने के लिए भाग गए। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया। यह मूवी हॉल और उसके आस-पास होने वाली दुर्घटनाओं की कोई अकेली घटना नहीं है। दिसंबर 2024 में हैदराबाद के संध्या थिएटर ने तब सुर्खियां बटोरीं, जब 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। यह घटना तब हुई, जब अल्लू अर्जुन की एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई।

# कछुए की चाल से भी जीत गई सनी देओल की जाट, 4 दिनों में ही बना दिया बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड, जानें अब तक की कमाई



बॉलीवुड स्टार सनी देओल के लिए साल 2025 शानदार साबित हुआ है। सनी देओल की फिल्म 'जाट' बीते 4 दिनों से सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म ने अब तक 40 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है। कछुए की चाल से बॉक्स ऑफिस पर चली फिल्म ने सनी देओल को खुशखबरी दी है। फिल्म ने पहले दिन महज 9.75 करोड़ रुपयों की ओपनिंग की थी। अब फिल्म का कलेक्शन 4 दिनों में 40 करोड़ रुपयों के पार हो गया है। सेकनिल्क रिपोर्ट में कहा गया है कि जाट ने रिलीज के चौथे दिन ₹14.06 करोड़ कमाए। यह फिल्म का अब तक का सबसे अधिक एकल दिन का कलेक्शन है। साथ ही पहली बार जाट ने रिलीज के बाद से दोहरे अंकों का आंकड़ा हासिल किया है। फिल्म ने पहले दिन ₹9.5 करोड़ की कमाई की। दूसरे दिन, कलेक्शन ₹7 करोड़ रहा, जबकि तीसरे दिन कलेक्शन ₹9.75 करोड़ रहा। फिल्म ने कुल मिलाकर ₹40.31 करोड़ की कमाई की है। साथ ही सनी देओल के करियर की अब तक दूसरी सबसे बड़ी पहले हफ्ते में कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रविवार को जाट की हिंदी ऑक्यूपेंसी 25.51% रही। सुबह के शो में ऑक्यूपेंसी 11.67% रही, जबकि दोपहर के शो में 30.93% रही।

# पवन कल्याण की पत्नी ने तिरुमला में मुंडवाया सिर, बेटे के साथ हुए हादसे के बाद बदल गया लुक...



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी अन्ना लेझनेवा बेटे के साथ हुए हादसे के बाद भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लेने के लिए तिरुमला पहुंची हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले उनके 8 साल के बेटे मार्क शंकर के स्कूल में आग लग गई थी। इस घटना में उनका बेटा घायल हो गया था, लेकिन अब उसकी हालात में सुधार है। इस दुर्घटना के बाद अन्ना के सिर मुंडवाते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जो चर्चा में है। पवन कल्याण की पार्टी जन सेना पार्टी के एक्स (ट्विटर) पेज ने उनकी तस्वीरें शेयर की हैं और कैप्शन में लिखा है कि मंदिर में दर्शन के बाद अन्ना ने अपने बाल दान कर दिए।

गुल्टे की रिपोर्ट के अनुसार, पवन कल्याण की पत्नी ने भी एक धार्मिक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिस पर आमतौर पर तिरुमला आने वाले गैर-हिंदू भक्त हस्ताक्षर करते हैं। घोषणापत्र पर भक्तों से देवता के प्रति अपनी आस्था, सम्मान और भक्ति को दिखाते हुए साइन करते हैं। इन तस्वीरों में अन्ना भी डिक्लेरेशन फॉर्म साइन करते नजर आई हैं। इसके बाद उन्होंने अपने सिर से सारे बाल मुंडवा लिए। बात दें कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में जाने के दौरान लोग अपना सिर मुंडवाते हैं। इसके कई कारण हैं। वहीं कई भक्त अपनी इच्छा पूरी होने पर अपने बाल दान करने का वादा करते हैं। वह स्नान करने के बाद सिर मुंडवाते हैं और भगवान का आशीर्वाद लेते हैं।

# दूसरी प्रेग्नेंसी में बेबी बंप के साथ रैंप पर उतरीं गौहर खान, कॉन्फिडेंस के मुरीद हुए फैंस



एक्ट्रेस गौहर खान ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है. जिसके बाज से वो लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. इसी बीच एक्ट्रेस को रैम्प पर बेबाकी के साथ वॉक करते हुए देखा गया. जहां वो अपना बेबी बंप भी फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दी. उनका वीडियो भी खासा वायरल हो रहा है. गौहर खान ने हाल ही में एक फैशन शो में हिस्सा लिया था. जहां एक्ट्रेस बेबी बंप के साथ वॉक करती हुई नजर आई. इसके कई वीडियोज अब एक्ट्रेस ने खुद अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए हैं. वीडियो में एक्ट्रेस इंडो-वेस्टर्न लुक में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं. साथ ही प्रेग्नेंसी ग्लो एक्ट्रेस की खूबसूरती और भी बढ़ा रहा है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com